# पूर्व उच्च प्राथमिक शिष्यवृत्ती परीक्षा (कक्षा 5वीं), फरवरी 2017

आसन क्र. | | | | | | | | | | |

**0301**

Set **D**

**माध्यम : हिंदी**

**प्रश्नपत्र क्र. I** — **समय : 11.00 से 12.30**

**पृष्ठ : 32** — **प्रथम भाषा व गणित** — **कुल अंक : 150**

**प्रश्न-पत्र हल करने के पहले कृपया निम्नलिखित सूचनाएँ ध्यान से पढ़िए ।**

(1) इस प्रश्नपत्र में **दो** विभाग हैं। उनमें से विभाग **I** में प्रथम भाषा के लिए **25** प्रश्न होकर विभाग **II** में गणित विषय के लिए **50** प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्नों को हल करना आवश्यक है।

(2) प्रत्येक प्रश्न के लिए **2** अंक हैं।


(3) प्रश्नपत्र हल करने के लिए कुल **90** मिनट का समय दिया जाएगा।

(4) उत्तरों को दर्ज करने के लिए स्वतंत्र उत्तर-पुस्तिका दी गयी है। प्रत्येक प्रश्न क्रमांक के सामने चार पर्यायों के लिए क्रमागत वृत्त दिए हैं। उनमें से अचूक उत्तर का पर्याय क्रमांक होने वाला वृत्त आगे के उदाहरण में दर्शाए अनुसार रंग भरें।

उदाहरण — प्रश्न क्र. **6** के सही उत्तर का पर्याय क्रमांक **2** हो, तो आगे दर्शाए अनुसार दर्ज करें :

प्रश्न क्र. **6** ① ● ③ ④

(5) नीचे दिए अनुसार दर्ज किए गए उत्तरों को गृहीत नहीं माना जाएगा। ऐसा उत्तर लिखने पर 'शून्य' अंक दिए जायेंगे।



(6) पर्याय के उत्तर दर्ज करते समय सिर्फ काले अथवा नीले स्याही वाले बॉल पेन का ही इस्तेमाल करें। पेन्सिल से दर्ज किए गये उत्तर मान्य नहीं किए जायेंगे।

(7) एक बार दर्ज किया गया उत्तर फिर से नहीं बदल सकते।

(8) एक से अधिक वृत्त में अंकित उत्तर तथा काट-छाँट में वह उत्तर मान्य नहीं होगा।

(9) प्रश्नपत्र के प्रत्येक पन्ने पर नीचे और आखिरी पन्ने पर कच्चा कार्य करने के लिए खाली जगह है, वहीं पर कच्चा कार्य कीजिए।

(10) परीक्षा के लिए निर्धारित समय होने के कारण किसी प्रश्न का उत्तर आपको न आता हो, तो अगला प्रश्न हल कीजिए। अंत में समय बचे तो छोड़े हुए प्रश्नों के लिए फिर से प्रयत्न करें।

(11) किसी प्रश्न में त्रुटि/गलती दिखायी देने पर उसके बारे में पर्यवेक्षक अथवा केंद्रसंचालक के पास पूछताछ न करें।

(12) प्रश्न में स्थित त्रुटि/गलती/आक्षेप के बारे में आपका लिखित निवेदन पाठशाला अथवा पालकों की ओर से गटशिक्षणाधिकारी अथवा शिक्षणाधिकारी के पास न भेजकर सीधे परीक्षा परिषद की ओर मा. आयुक्त के नाम प्रत्यक्ष/डाक द्वारा/ई-मेल द्वारा भेजें।

(13) त्रुटि/गलती/आक्षेप के बारे में लिखित निवेदन भेजने की मुदत/अवधि परीक्षा परिषद के संकेतस्थल पर अंतरिम (थोड़े समय के लिए) उत्तरसूची प्रसिद्ध होने के समय से 10 (दस) दिन तक होगी। अवधि/मुदत के अंतिम दिन तक परिषद को प्राप्त हुए लिखित निवेदनों पर ही गौर किया जाएगा।

(14) छपाई दोष अथवा अन्य कारणों से प्रश्न गलत पाया गया तो तज्ञ समिति के अभिप्राय के अनुसार वह रद्द किया जायेगा।

## विभाग I

## प्रथम भाषा

1. निम्नलिखित में से कौनसा शब्द समूह-दर्शक शब्द **नहीं** है ?

(1) सेना (2) कक्षा

(3) झुंड (4) खिलाड़ी

2. 'बाल गंगाधर तिलक' को लोग इस उपनाम से भी जानते हैं :

(1) नेताजी (2) लौहपुरुष

(3) लोकमान्य (4) महात्मा

3. निम्नलिखित शब्दों को वर्णक्रमानुसार लगाकर दूसरे स्थान पर आने वाला शब्द बताइए :

(1) कुरता (2) किताब

(3) कीमत (4) किरन

**4.** निम्नलिखित दोनों शब्दों के सही अर्थ बताने वाले शब्द का पर्याय चुनिए :

बाण, किनारा

(1) नदी (2) तीर

(3) पानी (4) धनुष

**5.** निम्नलिखित शब्दों में से **असंबद्ध** शब्द चुनिए :

वीणा, सितार, तबला, संगीत

(1) तबला (2) सितार

(3) संगीत (4) वीणा

**प्रश्न क्र. 6 से 8 :**

**निम्नलिखित परिच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर का सही पर्याय चुनिए :**

मेरा अस्तित्व बहुत प्राचीनकाल से है। मेरा उल्लेख रामायण, महाभारत जैसे पौराणिक ग्रंथों में भी मिलता है। मेरी दुर्गमता के कारण अब तक चंद स्थानीय लोग ही

मुझे जानते थे। 1931 में फ्रैंक स्मिथ नामक अंग्रेज पर्वतारोही कामेट शिखर से लौट रहा था। वह अपना रास्ता भूल गया और खोजते-खोजते संयोग से मुझ तक पहुँच गया। मेरे अंचल के बेशुमार रंग-बिरंगे फूलों को देखकर उसने मेरा नाम रखा — 'फूलों की घाटी'। सन् 1982 में भारत सरकार ने मुझे राष्ट्रीय उद्यान के रूप में तथा 1985 में संयुक्त राष्ट्र संघ ने मुझे विश्व प्रकृति विरासत के रूप में घोषित कर मेरा सम्मान बढ़ाया है।

**6.** फ्रैंक स्मिथ नामक अंग्रेज निम्नलिखित में से क्या था ?

(1) घुड़सवार (2) गोताखोर

(3) नाविक (4) पर्वतारोही

**7.** भारत सरकार ने 'फूलों की घाटी' को राष्ट्रीय उद्यान के रूप में कब घोषित किया ?

(1) 1982 (2) 1931

(3) 1985 (4) 1882

8. संयुक्त राष्ट्र संघ ने 'फूलों की घाटी' को किस रूप में घोषित किया है ?

(1) सामाजिक विरासत (2) विश्व प्रकृति विरासत

(3) सांस्कृतिक विरासत (4) ऐतिहासिक विरासत

**प्रश्न क्र. 9 से 10 :**

**नीचे दी गयी कविता को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

सूरज-सा दमकूँ मैं,
चंदा सा चमकूँ मैं,
झिलमिल-झिलमिल उज्ज्वल,
तारों-सा दमकूँ मैं।
मेरी अभिलाषा है।

फूलों-सा महकूँ मैं,
विहगों-सा चहकूँ मैं,
गुंजित कर वन-उपवन,
कोयल सा कुहकूँ मैं।
मेरी अभिलाषा है।

नभ जैसा निर्मल हूँ,

रजनी-सा शीतल हूँ,

धरती-सा सहनशील,

पर्वत-सा अविचल हूँ।

मेरी अभिलाषा है।

9. तारे कैसे दमकते हैं ?

(1) झिलमिल (2) दम-दम

(3) रिमझिम (4) चम-चम

10. कविता में रात के समानार्थी के रूप में किस शब्द का प्रयोग हुआ है ?

(1) नभ (2) धरती

(3) रजनी (4) पर्वत

11. 'उल्लू एक बुद्धिमान प्राणी है।' वाक्य में विशेषण शब्द पहचानिए :

(1) उल्लू (2) है

(3) प्राणी (4) बुद्धिमान

**12.** लता मंगेशकर सुंदर गाना गाती है। वाक्य में 'गाती' शब्द क्या है ?

(1) संज्ञा (2) सर्वनाम

(3) क्रिया (4) विशेषण

**13.** निम्नलिखित पर्यायों में 'कुमार' का विरोधी लिंग बताने वाला शब्द क्या है ?

(1) कुमारि (2) कुमारिका

(3) कुमारिन (4) कुमारी

**14.** निम्नलिखित में से भूतकाल का वाक्य कौनसा है ?

(1) कपिल बाजार जा रहा है।

(2) कपिल बाजार गया था।

(3) कपिल बाजार जाएगा।

(4) कपिल बाजार जाता है।

15. निम्नलिखित में से शुद्ध शब्द पहचानिए :

(1) कवयित्री (2) कवियित्री

(3) कवयत्री (4) कवित्री

16. 'आज खेल में हमारी टीम जीत गई।' वाक्य के लिए उचित मुहावरा चुनिए :

(1) तंग करना (2) बाजी मारना

(3) पिघल जाना (4) होश उड़ना

17. 'जिसके पास शक्ति है वही अधिकार पा जाता है।'

उपर्युक्त वाक्य निम्नलिखित में से किस कहावत से स्पष्ट है ?

(1) जान बची लाखों पाये

(2) काला अक्षर भैंस बराबर

(3) जिसकी लाठी उसकी भैंस

(4) गागर में सागर भरना

**प्रश्न क्र. 18 से 20 :**

**निम्नलिखित संवाद ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर पर्यायों में से चुनिए :**

शीतल : दूसरों पर दया दिखाना ही तो मनुष्य की असली पहचान है।

मनीषा : दया ही नहीं, यह कर्तव्य भी है।

प्रदीप : यदि लोग एक-दूसरे की सहायता न करें तो हर प्राणी कितना असहाय हो जाएगा ?

पिताजी : बच्चों, जानते हो परोपकार ही मनुष्य का सबसे बड़ा कर्म और सबसे मूल्यवान अलंकार है।

शीतल : परोपकार को सबसे बड़ा कर्म क्यों कहते हैं ?

पिताजी : इसके लिए अपने स्वार्थ का त्याग करना पड़ता है। जानते हो परोपकार के लिए महादानी कर्ण ने अपने कवच-कुंडल का दान कर दिया था।

18. अपना कवच-कुंडल किसने दान कर दिया था ?

(1) अर्जुन (2) कर्ण

(3) भीम (4) सहदेव

19. मनुष्य की असली पहचान क्या है ?

(1) सहायता करना

(2) दूसरों पर दया दिखाना

(3) त्याग करना

(4) दान करना

20. संवाद में 'मूल्यवान अलंकार' का प्रयोग किसके लिए हुआ है ?

(1) परोपकार (2) स्वार्थ

(3) सहायता (4) कर्तव्य

**21.** दिये गये पर्यायों में से कौनसा पर्याय कंप्यूटर से संबंधित **नहीं** है ?

(1) रेडियो (2) ई-मेल

(3) माऊस (4) इंटरनेट

**22.** निम्नलिखित में से 'शशि' का समानार्थी शब्द कौन-सा है ?

(1) सूर्य (2) बादल


(3) चंद्रमा (4) हवा

**23.** विरुद्धार्थी शब्दों की **गलत** जोड़ी पहचानिए :

(1) दिन × रात (2) सरल × कठिन

(3) आदि × अंत (4) राजा × महाराजा

**24.** निम्नलिखित शब्द पहेली में रिक्त चौखट में कौनसा अक्षर रखने पर आड़ा और खड़ा दोनों शब्द अर्थपूर्ण बनेंगे ?




(1) ल (2) न

(3) ह (4) ट

**25.** निम्नलिखित शब्द-समूह के लिए उचित शब्द चुनिए :

**दूसरों पर उपकार करने वाला –**

(1) परोपकारी (2) सहयोगी

(3) मददगार (4) उद्धारकर्ता

# विभाग II


## गणित


**26.** $7.7 + 0.7 + 00.70 + 0.07 + 0.77 + 0.00007 =$ कितना ?


(1) 9.94007 (2) 99.4007


(3) 9.24707 (4) 9.2407

**27.** निम्नलिखित में से कौनसा पर्याय **गलत** है ?

(1)  $= \frac{1}{4}$

(2)  $= \frac{1}{4}$

(3)  $= \frac{1}{4}$

(4)  $= \frac{1}{4}$

---

**कच्चे कार्य के लिये स्थान**

**28.** प्रदीप के पास 100 रु. के नोटों की संख्या की एक चौथाई संख्या 500 रु. के नोटों की, आधी संख्या 50 रु. के नोटों की तथा दुगुनी संख्या 1 रु. के नोटों की है। यदि उसके पास कुल 10,080 रु. हैं, तो प्रदीप के पास 100 रु. के कितने नोट हैं ?

(1) 20 (2) 30

(3) 40 (4) 50

**29.** 1 से 100 तक की संख्याओं में से सबसे बड़ी अभाज्य संख्या तथा सबसे छोटी विषम अभाज्य संख्याओं का गुणनफल कितना होगा ?

(1) 194 (2) 291

(3) 198 (4) 293

**30.** $\frac{4}{7}, \frac{7}{4}, \frac{2}{28}, \frac{5}{14}$ में से सबसे छोटी भिन्न कौनसी है ?

(1) $\frac{4}{7}$ (2) $\frac{7}{4}$

(3) $\frac{2}{28}$ (4) $\frac{5}{14}$

**31.** भिन्न $\frac{29}{8}$ निम्नलिखित में से किस भिन्न के मान के बराबर **नहीं** है ?

(1) $3\frac{5}{8}$ (2) $\frac{58}{16}$


(3) $3\frac{6}{8}$ (4) $\frac{290}{80}$

**कच्चे कार्य के लिये स्थान**

**32.** गौरी ने चौदह हजार पाँच सौ रुपये में एक टी.वी. खरीदा। उसने उसकी मरम्मत पर साढ़े तीन सौ रुपये खर्च किए। बाद में गौरी ने वह टी.वी. सोलह हजार रुपये में बेच दिया। इस व्यवहार में उसे कितने रुपये की हानि या लाभ हुआ ?

(1) 1,050 रु. लाभ
(2) 1,050 रु. हानि
(3) 1,150 रु. लाभ
(4) 1,150 रु. हानि

**33.**




उपर्युक्त आकृति में यदि वृत्त पर स्थित दो बिंदुओं को आपस में सिर्फ एक बार जोड़ा जाय, तो अधिक से अधिक कितने रेखाखंड खींचे जा सकते हैं ?

(1) 6
(2) 8
(3) 10
(4) 12

---

**कच्चे कार्य के लिये स्थान**

**34.** 1 ग्रुस कागज में से 5 दस्ते कागज का उपयोग छपाई के लिए किया गया, तो कितने कागज शेष बचे ?

(1) 60 (2) 20

(3) 12 (4) 24

**35.** सायली ने मैराथन में, यदि 4 किमी. की दूरी 10 मिनट में तय की, तो उसने एक मिनट में कितनी दूरी तय की ?

(1) $\frac{4}{10}$ मी. (2) 800 मी.

(3) 400 मी. (4) 40 मी.

**36.** एक घनाभ के पृष्ठों व कोरों की संख्या का योगफल, किसी घन के कोरों व शीर्षबिंदुओं की संख्या के योगफल से कितनी कम या अधिक है ?

(1) 2 कम (2) 2 अधिक

(3) 6 कम (4) 6 अधिक

**कच्चे कार्य के लिये स्थान**

**37.** 6 * 54 * संख्या में 9 से नि:शेष भाग जाता है, तो * के स्थान पर कौनसा अंक होगा ?

(1) 6 (2) 7

(3) 8 (4) 9

**38.** शबनम ने अपने पास की कुल चाकलेटों में से 15% चाकलेट जोसेफ को दीं। यदि उसने जोसेफ को 30 चाकलेट दीं, तो शबनम के पास कुल कितनी चाकलेट थीं ?

(1) 90 (2) 150

(3) 60 (4) 200

**39.** राहुल ने ब्याज की किसी दर से 15,000 रुपये संतोष को 3 वर्ष के लिए दिए। यदि संतोष ने उसे 4,500 रु. ब्याज दिया, तो ब्याज की दर कितने प्रतिशत प्रति वर्ष थी ?

(1) 10 (2) 15

(3) 9 (4) 8

---

**कच्चे कार्य के लिये स्थान**

40. 24 के सभी विभाजकों का योगफल कितना होगा ?

(1) 59 (2) 36

(3) 60 (4) 66

41. पाँच अंकों की सबसे बड़ी संख्या व दो अंकों की सबसे बड़ी संख्या का योगफल, तीन अंकों की सबसे छोटी संख्या से कितना अधिक है ?

(1) 1,00,098 (2) 99,998

(3) 99,999 (4) 1,00,198

42. माधव का जन्म गुरुवार दिनांक 15 जून, 2011 को हुआ। उसके पाँचवें जन्मदिन पर कौनसा दिन पड़ेगा ?

(1) मंगलवार (2) गुरुवार

(3) शनिवार (4) सोमवार

---

**कच्चे कार्य के लिये स्थान**

**43.** $\frac{6}{10}$ में $\frac{6}{10}$ कितनी बार जोड़ा जाय कि योगफल 3 प्राप्त हो ?

(1) 5 (2) 3

(3) 4 (4) 2

**44.** संख्या 40,56,784 में 4 के स्थानीय मानों का योगफल, 5 के स्थानीय मान से कितना अधिक है ?

(1) 40,00,004 (2) 39,50,004

(3) 39,50,000 (4) 40,50,004

**45.** 6363 ÷ 9 में, यदि भाजक में से 2 कम कर दिया जाय, तो भागफल कितना बढ़ जायेगा ?

(1) 1 (2) 10

(3) 100 (4) 202

---

**कच्चे कार्य के लिये स्थान**

46. अंकों 5, 6, 7, 8, 9 का एक बार उपयोग करके 5 अंकों की बड़ी से बड़ी एक ऐसी संख्या तैयार करो जिसमें 8 से नि:शेष भाग जाए :

(1) 79856 (2) 97658

(3) 97586 (4) 97856

47. 24 घंटे के समयानुसार क्रिकेट का एक मैच 10 बजे आरंभ हुआ और 16 : 45 बजे समाप्त हुआ। जिस समय खेल समाप्त हुआ उस समय 12 घंटे के समयानुसार घड़ी में कितना बज रहा होगा ?

(1) 5 : 45 (2) 4 : 45

(3) 15 : 45 (4) 2 : 45

48. 50 का 50 प्रतिशत = कितना ?

(1) 50 (2) 100

(3) 25 (4) 75

---

**कच्चे कार्य के लिये स्थान**

**सूचना :— प्रश्न क्र. 49 व 50 के लिए :**

**निम्नलिखित चित्र-आलेख की जानकारी के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

| **विद्यालय तक आने के साधन** | **विद्यार्थियों की संख्या** |
|---|---|
| पैदल आने वाले | △△△ |
| साइकिल | △△△△ |
| रिक्शा | △△△△△△ |
| अभिभावक के साथ | △△ |

पैमाना : 1 चित्र = 50 विद्यार्थी

**49.** सारणी में कुल कितने विद्यार्थियों की जानकारी दी गयी है ?

(1) 75 (2) 50

(3) 500 (4) 750

**50.** रिक्शे से आने वाले विद्यार्थियों की संख्या साइकिल से आने वाले विद्यार्थियों की संख्या से कितनी अधिक है ?

(1) 300 (2) 200

(3) 100 (4) 50

**कच्चे कार्य के लिये स्थान**

51. रोमन संख्या-चिह्न के अनुसार : M − D ÷ L = ?

(1) 10 (2) 90

(3) 8 (4) 990

52. एक गाड़ी साढ़े पैंसठ हजार में खरीदकर चौवन हजार में बेची गयी। कितने रुपये की हानि हुई ?

(1) 10,500 रुपये (2) 11,500 रुपये

(3) 1,500 रुपये (4) 11,000 रुपये

53. 970 रुपये में 50 रुपये वाले अधिक से अधिक कितने नोट हो सकते हैं ?


(1) 17 (2) 18


(3) 19 (4) 20


---


**कच्चे कार्य के लिये स्थान**

**54.** निम्नलिखित में से कौनसी आकृति पेंटोमिनो **नहीं** है ?

(1) 

(2) 

(3) 

(4) 

**55.** यदि 8 अक्टूबर, 2016 को दूसरे शनिवार की शासकीय छुट्टी थी, तो चौथे शनिवार की छुट्टी के दिन कौनसी तारीख होगी ?

(1) 22 अक्टूबर (2) 24 अक्टूबर

(3) 23 अक्टूबर (4) 20 अक्टूबर

---

**कच्चे कार्य के लिये स्थान**

**56.** 13 सेमी. लंबे व 5 सेमी. चौड़े दो आयतों को यदि चौड़ाई की ओर से जोड़ा जाय तो इससे तैयार होने वाली आकृति की परिमिति कितनी होगी ?

(1) 67 सेमी.

(2) 130 सेमी.

(3) 72 सेमी.

(4) 62 सेमी.

**57.** हल कीजिए :

$$\left(\frac{15}{7}+\frac{6}{7}-\frac{2}{7}\right)-\frac{4}{7}=?$$

(1) $\frac{19}{7}$

(2) $\frac{19}{21}$

(3) $\frac{15}{7}$

(4) $\frac{23}{7}$

**58.** $b \times \frac{1}{8} = 8$, तो $b$ = कितना ?

(1) 1

(2) 16

(3) 64

(4) 72

**कच्चे कार्य के लिये स्थान**

**59.** रावसाहब के बगीचे में विभिन्न प्रकार के कुल 2100 पेड़ हैं। यदि इनमें से 25% पेड़ आम के, 20% पेड़ नारियल के, 40% पेड़ कटहल के व शेष पेड़ सुपारी के हैं, तो सुपारी के कुल कितने पेड़ हैं ?

(1) 105 (2) 525

(3) 315 (4) 415

**60.** 42,000 मिलीमीटर लंबाई वाले एक तार को समान अंतर पर 6 जगह काटा गया। प्रत्येक टुकड़े की लंबाई कितनी होगी ?

(1) 7 मीटर (2) 6 मीटर

(3) 600 मिलीमीटर (4) 700 मिलीमीटर

**61.** निम्नलिखित में से सबसे बड़ी संख्या कौनसी है ?

0.06, 0.6, 6.0, 0.006

(1) 0.06 (2) 0.6

(3) 6.0 (4) 0.006

---

**कच्चे कार्य के लिये स्थान**

**62.** □ □ □

− ○ ○ ○

―――――

△ △ △

आकृति □, ○, △ के स्थान पर क्रमानुसार कौनसे अंक होंगे ? उचित पर्याय चुनिए :

(1) 7, 3, 5 (2) 9, 4, 5

(3) 9, 7, 3 (4) 2, 1, 0

**63.** यदि संख्याओं 4,97,998, 4,98,989, 4,97,889, 4,97,999 को घटते क्रम में लिखा जाय, तो पहले व तीसरे स्थान की संख्याओं का योगफल कितना होगा ?

(1) 996987 (2) 996988

(3) 996878 (4) 996888

**कच्चे कार्य के लिये स्थान**

64. रोहित ने साढ़े तीन रुपये प्रति पेंसिल की दर से 3 दर्जन पेंसिलें खरीदीं। यदि उसने सभी पेंसिलें 150 रु. में बेचीं, तो उसे कितने रुपयों की हानि या लाभ हुआ ?

(1) 120 रु. लाभ  (2) 24 रु. लाभ

(3) 24 रु. हानि  (4) 42 रु. हानि

65. सुशांत ने 35 रु. 5 पैसे की राशि को 35.5 रु. लिखा। दोनों राशियों में कितने का अंतर होगा ?

(1) 45 पैसे  (2) 55 पैसे

(3) 50 पैसे  (4) कोई अंतर नहीं होगा

66. 855 मी. लंबा व 205 मी. चौड़ा एक भूखंड, 400 रु. प्रति वर्ग मीटर की दर से बेचा गया। भूखंड का विक्रय मूल्य कितना होगा ?

(1) 17,62,750 रु.  (2) 7,01,10,000 रु.

(3) 7,05,110 रु.  (4) 7,05,10,000 रु.

---

**कच्चे कार्य के लिये स्थान**

**67.** धनेश के पास 50 रु., 20 रु., 10 रु. व 5 रु. के नोट समान संख्या में हैं। यदि उसके पास कुल 1,020 रु. हों, तो धनेश के पास 50 रु. के नोटों की संख्या कितनी है ?

(1) 50 (2) 12

(3) 68 (4) 34

**68.** निम्नलिखित में से **असत्य** कथन चुनिए :

(1) आयत के सभी कोण समान माप के होते हैं।

(2) आयत की सभी भुजाएँ समान माप की होती हैं।

(3) वर्ग की संलग्न भुजाएँ एक दूसरे पर लंब होती हैं।

(4) वर्ग के सभी कोण समकोण होते हैं।

---

**कच्चे कार्य के लिये स्थान**

**69.** स्वरा ने 7 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से 20,000 रु., 5 वर्ष के लिए बैंक में जमा किये। समय पूरा होने पर उसे कुल कितना ब्याज मिलेगा ?

(1) 5,000 रु.
(2) 700 रु.
(3) 7,000 रु.
(4) 500 रु.

**70.** एक द्रुतगामी बस ने नागपुर से वर्धा और वर्धा से नागपुर तक दिनभर में 4 चक्कर लगाए। बस में प्रत्येक बार 42 यात्री थे। यदि बस की टिकट की कीमत 85 रु. प्रति व्यक्ति हो, तो उस बस से दिनभर में कुल कितनी आय प्राप्त हुई ?

(1) 1,360 रु.
(2) 27,200 रु.
(3) 28,560 रु.
(4) 28,660 रु.

**71.** 'पंद्रह करोड़ पंद्रह सौ पंद्रह' को अंकों में लिखिए :

(1) 1,50,01,515
(2) 15,00,00,515
(3) 15,01,50,015
(4) 15,00,01,515

---

**कच्चे कार्य के लिये स्थान**

**72.** 42 दहाई में से 10 इकाई घटाकर, उसमें कितनी दहाई मिलायी जायें कि उत्तर 5 सैकड़ा प्राप्त हो ?

(1) 90 (2) 9

(3) 180 (4) 18

**73.** 5 घंटे 35 मिनट = कितने मिनट ?

(1) 535 (2) 95

(3) 300 (4) 335

**74.** निम्नलिखित में से **असत्य** कथन चुनिए :

(1) वृत्त का व्यास त्रिज्या का दुगुना होता है।

(2) वृत्त का व्यास ही वृत्त की सबसे बड़ी जीवा होती है।

(3) वृत्त की त्रिज्या व्यास की आधी होती है।

(4) एक वृत्त में एक और सिर्फ एक ही व्यास खींचा जा सकता है।

**75.** 85164 में कौनसी संख्या जोड़ी जाय कि 6 अंकों की छोटी-से-छोटी संख्या प्राप्त हो ?

(1) 14835 (2) 14836

(3) 14736 (4) 14735

---

**कच्चे कार्य के लिये स्थान**

कच्चे कार्य के लिये स्थान

कच्चे कार्य के लिये स्थान